अब लोगों को मिलेगा स्वच्छ पीने का पानी

आरओ प्लांट का उद्घाटन करते सदर विधायक पंकज गुप्ता। जागरण

उन्नाव, जागरण संवाददाता : शुद्ध पेयजल की समस्या से निजात के लिए समाज सेवी संस्था वर्ल्ड विजन इंडिया ने ग्राम करीमाबाद व चंदनखेड़ा में सोलर संचालित सामुदायिक शुद्ध पेयजल केंद्र का निर्माण करा कर उसे सोमवार को जनता को समर्पित कर दिया। इस केंद्र का उद्घाटन सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि ग्राम करीमाबाद और चंदनखेड़ा ग्राम पंचायत सथरा बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है। यहां पर पीने के पानी की घोर दिक्कत से लोग परेशान रहते थे। पीने के पानी लेने के लिए उन लोगों को एक से दो किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता था। जिससे अब यहां के लोगों को राहत हो गई है। उन्होंने कहा कि इस विकट समस्या को देखते हुए वर्ल्ड विजन इंडिया ने बंगाल एक्वा इंजीनियरिंग के साथ मिलकर क्षेत्र में शुद्ध पेयजल का केंद्र स्थापित कराया है। इसके माध्यम से लोगों को पीने का स्वच्छ पानी मिल सकेगा। उन्होंने संस्था के इस कार्य की सराहना की है। इस मौके पर बंगाल एक्वा इंजीनियरिंग के अधिकारी पारथा ने कहा कि शुद्ध पानी के उपयोग से गंभीर बीमारियों से बचाव होगा। कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ इंदुलता, व सथरा के प्रधान सहित तमाम ग्राम वासी मौजूद रहे।

सोलर संचालित शुद्ध पेयजल केंद्र की शुरुआत

उन्नाव। ग्राम करीमाबाद और चंदनखेड़ा में सोलर संचालित शुद्ध पेयजल केंद्र का उद्घाटन सदर विधायक पंकज गुप्त ने किया। पीने के पानी की समस्या को देखते हुए वर्ल्ड विजन इंडिया ने क्षेत्र में शुद्ध पेयजल केंद्र देने का विचार किया। इस मौके पर इंदु लता, सथरा के प्रधान आदि मौजूद रहे।